Bareilly, Sunday,
23 February 2020
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City - 2/-
Outside Bareilly City - 3/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO. 04 : MIDDLE

आरएमए एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित हुईं हस्तियां

आरएमए के मैनेजमेंट वीक में चार क्षेत्रों में दिए गए अवॉर्ड

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (22 Feb): रुहेलखंड मैनेजमेंट एसोसिएशन के 14वें राष्ट्रीय मैनेजमेंट दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले संस्थान को होटल ओबराय आनंद में आरएमए एक्सीलेंस अवॉर्ड दिए गए. कार्यक्रम का इनॉग्रेशन केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री संतोष कुमार गंगवार, मेयर डॉ. उमेश गौतम, आरएमए अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा, एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, आईडब्ल्यूपी के अधिशासी निदेशक केके दमानी, रेडियो डिजायन लीडस युनाइटेड किंगडम के को-फाउंडर गौरव चौहान, इफको आंवला के वरिष्ठ महाप्रबंधक आईसी झा, आरएमए के उपाध्यक्ष डॉ. विनय खंडेलवाल, राजेश गुप्ता व सचिव कदीर अहमद ने दीप जलाकर किया.

ये हुए सम्मानित

इनोवेशन के क्षेत्र में फिल्टर्स के निर्माण कर टेली कम्यूनिकेशन के क्षेत्र में क्रांति लाने वाली एवं चार देशों फिनलैंड, इंग्लैंड, भारत व चीन में निर्माण की सुविधा रखने वाली कंपनी रेडियो डिजायन यूके के को-फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर गौरव चौहान, कार्पोरेट सोशल रिस्पॉसिबिलिटी के क्षेत्र में इफको आंवला के वरिष्ठ महाप्रबंधक आईसी झा, सस्टेनेबल बिजनेस मॉडल के क्षेत्र में सौ वर्ष पूरे करने वाली आईडब्ल्यूपी के अधिशासी निदेशक केके दमानी, चिकित्सा के क्षेत्र में एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति को आरएमए एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया.

साझा किए अनुभव

रेडिया डिजायन लीड्स यूके के को फाउंडर गौरव चौहान ने बताया कि इनोवेशन उत्पाद से पहले सोच में आकार लेता है. उस सपने को साकार करने के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट की लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है. उन्होंने बताया कि 100 में से सिर्फ 14 उत्पाद ही बाजार में स्वीकार किए जाते हैं. एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने अपने संस्थान द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में होने वाली उपलब्धियों और ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं, मेडिकल सर्विसेज ऑन व्हील्स और मेडिकल ट्रांसक्रिप्शंस की भी जानकारी दी.